कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2019/2257 लखनऊ:दिनांक: 15 जुलाई, 2019

त्याग–पत्र दिये जाने के संबंध मे आवश्यक सूचना

यू0पी0 नीट यू0जी0–2019 की प्रथम चक्र की काउन्सिलिंग से प्रवेशित ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें आल इण्डिया अथवा अन्य प्रदेश की काउन्सिलिंग के माध्यम से किसी सीट पर आवंटन हो गया है और वह इस प्रदेश की प्रथम काउन्सिलिंग से आवंटित सीट से त्याग–पत्र देना चाहते है, तो वह आल इण्डिया अथवा अन्य प्रदेश की काउन्सिलिंग से आवंटित सीट से संबंधित आवंटन–पत्र प्रस्तुत कर संबंधित नोडल सेन्टर (जहाँ पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की हो) पर अपना त्याग–पत्र दिनांक 26.7.2019 को अपराहन 4.00 तक दे सकते है।

यू0पी0नीट यू0जी0–2019 हेतु नीति निर्धारण विषयक दिनांक 17 जून 2019 तथा ब्रोशर मे निहित प्राविधानो के अनुसार त्याग–पत्र स्वीकृत किये जाने के फलस्वरूप राजकीय/निजी क्षेत्र की मेडिकल/डेन्टल कालेजो मे प्रवेश के समय जमा किये गये शिक्षण शुल्क का 10 प्रतिशत की कटौती करते हुए शेष शिक्षण शुल्क एवं धरोहर धनराशि वापस कर दी जायेगी।

त्याग–पत्र देने वाले अभ्यर्थी अपनी धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग के पश्चात् संबंधित नोडल सेन्टर (जहॉ पर सिक्योरिटी बैंक ड्राफ्ट जमा किया है) से प्राप्त कर सकते है।

महानिदेशक।